an>

Title: Regarding funds for Pradhan Mantri Awas Yojna .

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): स्पीकर महोदय, भारत देश में मिडल क्लास पॉप्युलेशन ज्यादा है । इसको ध्यान में रखते हुए, हमारे देश की जनता के पास, सभी परिवारों के पास आवास रहना चाहिए, इस दृष्टि से प्रधान मंत्री आवास योजना, हाऊस फॉर ऑल योजना सन् 2014 में लागू की गई थी । यह बहुत अच्छी तरह से सन् 2018 तक चली है । लेकिन सन् 2019 के बाद से हम देख रहे हैं कि महाराष्ट्र सरकार को पैसा न आने के कारण वह पैसा जिलों तक पहुंच नहीं रहा है, जिससे कि ग्रामीण भाग में रहने वाली हमारी जो जनता है, उसको इस प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ, केन्द्र सरकार के द्वारा जो सब्सिडी मिलती है, वह मिल नहीं रही है । मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि हमारी राज्य सरकार के 800 करोड़ रुपये जो पिछले एक साल से पेंडिंग हैं, जिससे हमारी गरीब जनता को लाभ होगा । वह पैसा तुरंत केन्द्र सरकार राज्य सरकार को भेजे ।